>

Title: Need to run direct trains from Kota (Rajasthan) to Eastern Uttar Pradesh and Bihar.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा में पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार के अधिकांश लोग विभिन्न व्यवसायों में कार्यरत हैं और ये लोग समय-समय पर अपने गांवों में आते जाते हैं परंतु कोटा से पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार की ओर कोई पर्याप्त रेल सेवा नहीं है जिसके कारण इन लोगों को बहुत दिक्कत उठानी पड़ती है । हालांकि कोटा से दिल्ली एवं पश्चिम क्षेत्र एवं गुजरात एवं मुम्बई के लिए अनेकों सेवायें हैं परंतु कोटा से पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार की ओर जाने वाली रेल सेवा का अभाव है । कोटा से गुना की तरफ जाने वाली रेल सेवायें भी मांग के हिसाब से बहुत कम है । इन रेल सेवाओं में लोग अत्यधिक भीड़ के बीच यात्रा करते हैं । कोटा से पूर्व की ओर रेल सेवायें अगर चलाई जाये तो रेलवे को अप्रत्याशित लाभ होगा ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि कोटा से पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार की ओर जाने वाली रेल सेवायें शीघ्र चलाये जाने की घोषणा की जाये ।